प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.10.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **भारत ने पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने की मांग की, विदेश मंत्रालय ने कहा– सेना की बर्बरता पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और संसाधनों की लूट का नतीजा।**
2. **राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष किया गया नियुक्त, रांची में स्वागत समारोह में उन्होंने संगठन को समर्पित भाव से मजबूत करने का लिया संकल्प।**
3. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 7 गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस किया जारी, दलों को 9 अक्टूबर तक लिखित पक्ष और 16 अक्टूबर को सुनवाई का दिया समय।**
4. **जमशेदपुर में 8 से 16 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला होगा आयोजित, आमजन से मेले में अधिक से अधिक भाग लेने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील।**
5. **मौसम विभाग ने कई जिलों में कल तक भारी बारिश की जताई संभावना, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी कर भूस्खलन, जलजमाव से सतर्क रहने की दी चेतावनी।**

****

भारत ने कहा है कि पीओके में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर–पीओके के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों के दौरान सेना द्वारा निर्दोष लोगों पर बर्बरता की खबरों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन क्षेत्रों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का परिणाम है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ था, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम छोटी कारों और दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

****

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर वे रांची में हरमू स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। मौके पर आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर से शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा आज कार्यकारी अध्यक्ष के पद तक पहुंची है और वे संगठन को पूर्ण समर्पण के साथ आगे भी मजबूत करेंगे।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने 7 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें रांची की झारखंड की क्रांतिकारी पार्टी, झारखंड पार्टी (सेक्युलर), लोक जन विकास मोर्चा, राष्ट्रीय देशज पार्टी और राष्ट्रीय संगाइल पार्टी, पूर्वी सिंहभूम की झारखंड पीपल्स पार्टी तथा चतरा की राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा शामिल हैं। इन दलों ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों की वार्षिक अंकेक्षित खाता विवरणी और निर्वाचन के बाद व्यय विवरण आयोग को उपलब्ध नहीं कराया है।

****

नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और झारखंड के घाटशिला समेत उपचुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय प्रेक्षकों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की। बैठक में 425 अधिकारी शामिल हुए, जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र का प्रकाशस्तंभ बताते हुए निष्पक्षता और सख्त अनुपालन पर जोर दिया। प्रेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं की सुविधा और आयोग की नई पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

****

जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 8 से 16 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें देशभर के कारीगर और उद्यमी हस्तशिल्प, स्वदेशी उत्पाद, आयुर्वेदिक सामान और पारंपरिक वस्त्र प्रदर्शित करेंगे। भारतीय विपणन विकास केन्द्र और स्वदेशी विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मेले की तैयारियों का आज भूमि पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजक मनोज सिंह ने आमजन से अधिक से अधिक भाग लेने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील की है।

****

चतरा जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ठोस पहल देखने को मिली है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में इस वर्ष दशहरा पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विजयदशमी पर कुल 32 पंडालों की प्रतिमाओं का समय पर और व्यवस्थित विसर्जन किया गया।
- लातेहार में मनिका डिग्री कॉलेज के पास हुए भीषण सड़क हादसे में खेल शिक्षक कोमल टोप्पनो की मौत हो गई। दुर्घटना में उनकी बाइक और पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर हुई। इस टक्कर में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए रांची ले जाते समय उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में कल तक भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिम–मध्य बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण तेज हवाओं और वज्रपात के साथ वर्षा प्रणाली सक्रिय है। जिसके कारण कल दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, चतरा, गढ़वा और पलामू सहित कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को भूस्खलन, जलजमाव और वज्रपात से बचने की चेतावनी दी है।

****

टाटा स्टील ने आर्चरी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में अपनी नई टीम चेरो आर्चर्स उतारी है, जिसका नाम ऐतिहासिक चेरो वंश से प्रेरित है। टीम की आधिकारिक किट का शुभारंभ टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ।

****